समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 31 August 2026

# बैंकॉक के लाइव म्यूजिक पब मे भीषण आग : धुएं से घुटा दम, 27 लोगों की मौत, 63 घायल

Sanket Morankar Published on 13 Jul 2026



थाईलैंड की राजधानी **बैकॉक** में रविवार देर रात एक लाइव म्यूजिक पब में लगी भीषण आग ने खुशियों के माहौल को कुछ ही मिनटों में मातम में बदल दिया। इस दर्दनाक हादसे में **27 लोगों की मौत** हो गई, जबकि **63 लोग घायल** हो गए। घायलों में **22 की हालत गंभीर** बताई जा रही है। यह हाल के वर्षों में बैंकॉक के सबसे बड़े अग्निकांडों में से एक माना जा रहा है।

यह हादसा रात करीब **12:02 बजे** बैंकॉक के प्रसिद्ध **'ना लाडप्राओ' (Na Ladprao)** रेस्तरां और लाइव म्यूजिक पब में हुआ। उस समय 300 से अधिक लोगों की क्षमता वाला हॉल लगभग पूरी तरह भरा हुआ था और स्टेज पर लाइव संगीत कार्यक्रम चल रहा था।

### कुछ ही मिनटों मे धुएं से भर गया पूरा पब

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने के कुछ ही मिनटों में पूरे पब में घना धुआं फैल गया। अचानक मची अफरा-तफरी के बीच लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। अधिकांश लोग पीछे की ओर बने टॉयलेट की तरफ पहुंचे, लेकिन वहां बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं मिला।

घना धुआं और सीमित निकास मार्ग होने के कारण कई लोग अंदर ही फंस गए। अधिकारियों के अनुसार, अधिकांश लोगों की मौत आग की लपटों से नहीं, बल्कि **धुएं मे दंम घुटने** के कारण हुई।

### प्रधानमंत्री ने की मौतों की पुष्टि

थाईलैंड के प्रधानमंत्री **अनुटिन चार्नवीराकुल** ने घटनास्थल का दौरा कर हादसे में **27 लोगों की मौत** की पुष्टि की। मृतकों में **9 पुरुष और 18 महिलाएं** शामिल हैं।

सरकार ने घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं और हादसे की उच्चस्तरीय जांच के आदेश जारी किए हैं।

## फायर एग्जिट के पास मिले कई शव

बैंकॉक के गवर्नर **चाडचार्ट सित्तिपुंत** ने बताया कि पब के पास आवश्यक लाइसेंस और फायर एग्जिट मौजूद थे। हालांकि जांच की जा रही है कि कहीं निकास मार्ग फर्नीचर या अन्य सामान से अवरुद्ध तो नहीं था।

जांच अधिकारियों के अनुसार, कई शव फायर एग्जिट के पास मिले हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि बाहर निकलने का रास्ता पूरी तरह खुला नहीं था या भगदड़ के दौरान लोग वहां फंस गए।

## बचाव अभियान मे आंई भारी मुश्किले

दमकल विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलने के **पांच मिनट के भीतर** राहत एवं बचाव दल घटनास्थल पर पहुंच गया था। लेकिन तब तक आग पूरी इमारत में फैल चुकी थी।

पब के अंदर रखी मेज-कुर्सियां, तेज गर्मी और घने धुएं के कारण राहतकर्मियों को अंदर प्रवेश करने में काफी कठिनाई हुई। ऑक्सीजन मास्क पहनकर बचाव दल ने कई लोगों को बाहर निकाला और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## शॉर्ट सर्किट की आशंका, जांच जारी

आग लगने के कारणों की जांच अभी जारी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, एक बैंड सदस्य ने बताया कि सबसे पहले अचानक बिजली चली गई। इसके बाद स्टेज के पास लगे **सर्किट ब्रेकर** से धुआं निकलने लगा और कुछ ही क्षणों बाद जोरदार धमाका हुआ। इसके बाद पूरे पब में आग और धुआं तेजी से फैल गया।

हालांकि अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि आग लगने के वास्तविक कारणों की पुष्टि विस्तृत जांच पूरी होने के बाद ही की जाएगी।

## फायर सेफ्टी पर फिर उठे सवाल

इस हादसे के बाद थाईलैंड में बार, नाइट क्लब और मनोरंजन स्थलों की **फायर सेफ्टी व्यवस्था** एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है।

इससे पहले भी देश में ऐसे कई बड़े अग्निकांड हो चुके हैं। वर्ष **2022** में **माउंटेन बी नाइटक्लब** में लगी आग में **25 लोगों** की मौत हुई थी, जबकि **2009** में **सैटिंका क्लब** में हुए भीषण अग्निकांड में **67 लोगों** ने अपनी जान गंवाई थी।

इन घटनाओं के बाद सुरक्षा नियमों को और सख्त किया गया था, लेकिन ताजा हादसे ने एक बार फिर सुरक्षा मानकों के प्रभावी पालन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## पुलिस कर रही हर पहलू की जांच

पुलिस और फॉरेंसिक विशेषज्ञ घटनास्थल से साक्ष्य जुटा रहे हैं। जांच का मुख्य फोकस आग लगने की वास्तविक वजह, फायर एग्जिट की स्थिति, भवन की सुरक्षा व्यवस्था और सुरक्षा नियमों के पालन पर है।

अधिकारियों का कहना है कि यदि जांच में किसी प्रकार की लापरवाही या सुरक्षा नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.